गुजरात में मांग और उत्पादन के बीच अन्तर को कम करने के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में 1981 मे. वा. की एक क्षमता अभिवृद्धि शामिल की गई है। गुजरात राज्य में विद्युत उत्पादन में सुधार लाने हेतु किए गए अन्य उपायों में ये शामिल हैं, विपणन केन्द्रों से अधिकतम विद्युत उत्पादन करना, नवीकरण और आधुनिकीकरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना, पारेषण एवं वितरण हानियों में कमी करना, कारगर भार प्रबन्ध और ऊर्जा का संरक्षण आदि।

गुजरात में विद्युत उत्पादन के लिए योजनायें

7600. श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल: क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में विद्युत की वार्षिक आवश्यकता कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि विद्युत की वार्षिक आवश्यकता की तुलना में खपत की मांग अधिक है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या विद्युत का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत सरकार को गुजरात सरकार से कोई कार्य योजना प्राप्त हुई है;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर अब तक क्या निर्णय लिया गया है और उनको कब तक स्वीकृति दे दी जाएगी; और

(च) इन योजनाओं पर कितना खर्च होने का अनुमान है और उपर्युक्त योजनाएं कब तक शुरू कर दी जायेंगी और कितने समय में उनके पूरा होने की सम्भावना है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू): (क) से (ग) वर्ष 1993-94 के दौरान गुजरात में ऊर्जा की निवल आवश्यकता, उपलब्धता और कमी दिखाने वाली विद्युत आपूर्ति की वास्तविक स्थिति और वर्ष 1994-95 के दौरान प्रत्याशित स्थिति का ब्यौरा निम्नवत् है:-

(सभी आंकड़े निवल मि.यू. में)

	वास्तविक 1993-94	प्रत्याशित 1994-95
आवश्यकता	29860	32165
उपलब्धता	28502	30455
कमी	1358	1710
प्रतिशतता	4.5	5.3

उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि गुजरात में विद्युत की कमी की स्थिति, मांग में वृद्धि और उपलब्धता में वृद्धि पिछड़ जाने के कारण है।

(घ) से (च) गुजरात में नई विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति हेतु प्राप्त किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

गुजरात में नई विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा तकनीकी आर्थिक स्वीकृति हेतु प्राप्त किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा

क्र०सं०	परियोजना का नाम और क्षमता	पी आर के अनुसार अनुमानित लागत (करोड़ रुपये में)	क्रियान्वयन एजेंसी	वर्तमान स्थिति	चालू करने की समय सीमा
1.	गांधीनगर टीपीएस विस्तार 1×210 मे. वा. (यूनिट–5)	658	जी ई बी	परीक्षणाधीन	—
2.	बानाकबोरी विस्तार 1×210 मे. वा. (यूनिट–7)	658	जीईबी	परीक्षणाधीन	—
3	गांधार (पगुथान) जोटीसीसी टीपीएस	2298.14 (आईडीसी समेत)	मै. गुजरात टोररेंट इंजीनियर्स निगम लि.	12.11.93 को तकनीकी आर्थिक दृष्टि से स्वीकृत की गई	9/95 11/95 1/96 7/96
4.	मंगलौर (लिग्नाईट) टीपीएस 1×250 मे. वा.	1082.81	मै. गुजरात पावर निगम लि.	परीक्षणाधीन	—
5.	हजीरा जीटीसीसी टीपीएस 500 मे. वा.	1650.00 (आईडीसी समेत)	मै० इस्सार पावर लि.	परीक्षणाधीन	—
6.	घोघा में लिग्नाइट आधारित टीपीएस 2×120 मे.वा. जिला-भावनगर	856	सीपीसीएल (संयुक्त क्षेत्र)	परीक्षणाधीन	—
7.	अकेरीमोटा में लिग्नाइट आधारित टीपीएस 2×120 मे.वा. जिला-कच्छ	1163	सीपीसीएल (संयुक्त क्षेत्र)	परीक्षणाधीन	—